भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 35

02.02.2023 को उत्तर के लिए

क्रूज जहाजों के कारण गंगा डॉल्फिन के लिए खतरे का बढ़ना

35. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों में क्रूज जहाजों और नदी यातायात में वृद्धि से गंगा डॉल्फिन को खतरा हो सकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने इस संबंध में कोई पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अध्ययन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री

(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख): गंगा नदी में कराए गए अल्पावधि अध्ययन से संकेत मिलता है कि गंगा नदी के डॉल्फिनों के व्यवहार पर नाव यातायात का कुछ प्रभाव पड़ा है।

(ग) और (घ): भारतीय अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली) के लिए पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अध्ययन कराया गया है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभाव आकलन, पर्यावरणीय प्रबंधन योजना और पुनर्वास कार्य योजना, 2016 के संबंध में अध्ययन।

(ii) राष्ट्रीय जलमार्ग-1 और हल्दिया टर्मिनल हेतु ऑयल स्पिल आपातकाल प्रबंधन योजना, 2016 ।

(iii) राष्ट्रीय जलमार्ग-1 हेतु जोखिम आकलन और आपदा प्रबंधन योजना, 2018 ।

(iv) राष्ट्रीय जलमार्ग-1 में यातायात गितविधियों का डॉल्फिन पर पड़ने वाले प्रभाव से संबंधित अध्ययन, 2020 ।

(ड.): उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

*****